**RAJASTHAN HIGH COURT LAWYERS' ASSOCIATION JODHPUR.**
**DILIP SINGH UDAWAT**
(President)
94141-35533

**RAJASTHAN HIGH COURT ADVOCATES' ASSOCIATION JODHPUR.**
**RANJEET JOSHI**
(President)
94141-30300

**Ref: RHCLA/January/2026** **Date: 05.01.2026**

# प्रेस विज्ञप्ति

जोधपुर। राजस्थान हाईकोर्ट एडवोकेटस एसोसिएशन, जोधपुर की निर्वाचित कार्यकारिणी एवं राजस्थान हाईकोर्ट लॉयर्स एसोसिएशन, जोधपुर की निवर्तमान एवं नवनिर्वाचित कार्यकारिणी की संयुक्त बैठक दिनांक 03.01.2026 को आयोजित बैठक में वर्ष 2026 में माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर द्वारा प्रत्येक माह के 2 शनिवार को उच्च न्यायालय के कार्यदिवस घोषित किये जाने एवं न्यायक्षेत्र में रात्रिकालीन न्यायालयों के संचालन के मुद्दों पर विरोध स्वरूप **आज दिनांक 05.01.2026 को अधिवक्ताओं ने माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर सहित समस्त अधिनस्थ न्यायालयों में स्वैच्छिक रूप से उपस्थिति प्रदान नहीं की।**

राजस्थान हाईकोर्ट लॉयर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष दिलीप सिंह उदावत एवं एडवोकेट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष रणजीत जोशी ने बताया कि दोनो एसोसिएशन के आहवान पर अधिवक्ताओं ने न्यायालयों में स्वैच्छिक रूप से उपस्थिति प्रदान नहीं करने के साथ–साथ रात्रिकालीन न्यायालयों के संचालन के निर्णय का भी विरोध किया हैं।

**राजस्थान हाईकोर्ट एडवोकेटस एसोसियेशन, जोधपुर एवं राजस्थान हाईकोर्ट लॉयर्स एसोसियेशन, जोधपुर का एक प्रतिनिधिमंडल जयपुर में राजस्थान उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधिपति से दिनांक 06.01.2026 को भेंटकर वार्ता करेगें एवं उसके पश्चात आगामी रूपरेखा तय की जायेगी।**

दिलीप सिंह उदावत
**अध्यक्ष**

रणजीत जोशी
**अध्यक्ष**